RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II हिंदी 2024

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

ध्यातव्य — प्र.सं. 26 - 27 के उत्तर निम्नांकित अपठित गद्यांश के आधार पर दें -
सफलता और चरितार्थता में अन्तर है। मनुष्य मारणास्त्रों के संचयन से, बाह्य उपकरणों के बाहुल्य से उस वस्तु को पा भी सकता है, जिसे उसने बड़े आडम्बर के साथ सफलता नाम दे रखा है। परन्तु मनुष्य की चरितार्थता प्रेम में है, मैत्री में है, त्याग में है, अपने को सबके मंगल के लिये निःशेष भाव से दे देने में है। नाखूनों का बढ़ना मनुष्य की उस अन्ध सहजता वृत्ति का परिणाम है, जो उसके जीवन में सफलता ले आना चाहती है, उसको काट देना उस 'स्व'-निर्धारित आत्म-बन्धन का फल है, जो उसे चरितार्थता की ओर ले जाती है।
मनुष्य की चरितार्थता किसमें नहीं है?

(A) सफलता मात्र में ✓
(B) प्रेम मात्र में
(C) त्याग मात्र में
(D) मैत्री मात्र में

Q.2

सरकारी नियमों या अनुदेशों को आवश्यकतानुसार कार्यालय के सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को सामान्य रूप से सूचित करने हेतु निम्नलिखित में से किस प्रारूप का प्रयोग किया जाता है?

(A) ज्ञापन
(B) अर्धशासकीय पत्र
(C) परिपत्र ✓
(D) विज्ञप्ति

Q.3

प्रकाशन वर्ष के आधार पर मैथिलीशरण गुप्त की रचनाओं का निम्नलिखित में से कौनसे विकल्प पर सही अनुक्रम है?

(A) भारत-भारती - जयद्रथ वध - यशोधरा - साकेत
(B) भारत-भारती - जयद्रथ वध - साकेत - यशोधरा
(C) जयद्रथ वध - भारत-भारती - साकेत - यशोधरा ✓
(D) जयद्रथ वध - साकेत - यशोधरा - भारत-भारती

Q.4

किस विकल्प में 'हार' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है?

(A) होनहार
(B) जाननहार
(C) मरनहार
(D) लुहार ✓

Q.5

ना कतहूँ चलि जाइए, ना सिर लीजे भार रे।
रसना रसहिं विचारिए, सारंग श्रीरंग धार रे।।
उक्त साखी में प्रभु प्राप्ति के लिए किस बात पर बल दिया गया है?

(A) तीर्थाटन
(B) शास्त्र ज्ञान
(C) नाम स्मरण ✓
(D) सत्संग

Q.6

"रीति-काव्य जितना तत्कालीन समाज के क्लांत चित्त के विश्राम और विनोदन की व्यवस्था करता है, उतना परिकरण और नियोजन की नहीं।" यह कथन किसका है?

(A) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी
(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) डॉ. नगेन्द्र
(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ✓

Q.7

कम्प्यूटर सहाय अनुदेशन की निम्नलिखित में से कौनसी एक बुनियादी अवधारणा नहीं है?

(A) यह शिक्षा में गुणात्मकता और मात्रात्मकता की समस्या से निपट सकता है।
(B) यह पूर्णरूप से व्यक्तिगत अनुदेशन है।
(C) यह केवल कुछ छात्रों के लिए ही व्यवस्थित किया जा सकता है। ✓
(D) इसका उपयोग सभी प्रकार के शिक्षण-अधिगम कार्यक्रमों में किया जा सकता है।

Q.8

निम्नलिखित में से नन्ददास की रचना है -

(A) वाग्विलास छटा
(B) कल्पतरु
(C) नंदलाल छटा
(D) रसमंजरी ✓

Q.9

निम्नलिखित में से किस ग्रंथ को आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने मम्मट के काव्यप्रकाश का छायानुवाद कहा है?

(A) काव्य विवेक
(B) काव्य निर्णय
(C) रस रहस्य ✓
(D) वृत्त विचार

Q.10

जीवनी और उसके लेखक की दृष्टि से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(A) मेरे बड़े भाई शमशेर जी - विष्णु चंद्र शर्मा
(B) वट वृक्ष की छाया में - कुमुद नागर
(C) शेष कथा - ज्ञानचंद्र जैन ✓
(D) रांगेय राघव : एक अंतरंग परिचय - सुलोचना रांगेय राघव

Q.11

निम्नलिखित में से किस विकल्प में छंद का लक्षण सही नहीं है?

(A) रोला मात्रिक अर्द्ध सम छंद है। ✓
(B) चौपाई छंद के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं।
(C) उल्लाला छंद के विषम चरण में 15 एवं सम चरण में 13 मात्राएँ होती हैं।
(D) हरिगीतिका छंद के अंत में लघु-गुरु आता है।

Q.12

किस विकल्प के भिन्नार्थक शब्दों का अर्थभेद सही नहीं है?

(A) इंद्र - देवराज, इन्दु - चन्द्रमा
(B) उर - हृदय, उरु - विशाल
(C) ग्रंथि - पुस्तक, ग्रंथी - सिक्ख-धर्म का पुरोहित ✓
(D) अपत्य - सन्तान, अपथ्य - स्वास्थ्य नाशक

Q.13

निम्नलिखित में से शब्द-युग्म के अर्थ-भेद की दृष्टि से असंगत विकल्प है -

(A) प्रदीप - प्रतीप = दीपक - उलटा
(B) मेघ - मेध = बादल - यज्ञ
(C) उपल - उत्पल = कमल - पत्थर ✓
(D) वर्ण - व्रण = रंग - घाव

Q.14

रचना और रचनाकार की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(A) आठवाँ सर्ग – सुरेन्द्र वर्मा
(B) पोस्टर – महेंद्र भल्ला ✓
(C) अंधी गली – उपेन्द्रनाथ अश्क
(D) रक्तबीज – शंकर शेष

Q.15

"चिरजीवो जोरी जुरै क्यों न सनेह गंभीर। को घटि ए वृषभानुजा वे हलधर के बीर।।" उपर्युक्त छन्द में शब्द-शक्ति है?

(A) अभिधामूला शाब्दी व्यंजना ✓
(B) रूढ़ा लक्षणा
(C) लक्षणामूला शाब्दी व्यंजना
(D) आर्थी व्यंजना

Q.16

"प्रेम की गूढ़ अंतर्दशा का उद्घाटन जैसा इनमें है, वैसा हिन्दी के अन्य श्रृंगारी कवि में नहीं।" घनानंद विषयक यह कथन किस ख्यात आलोचक का है?

(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ✓
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

Q.17

निम्नलिखित में से यमक अलंकार का उदाहरण नहीं है –

(A) सारँग ले सारँग चली, सारँग पुगो आय।
(B) बसन देहु, ब्रज में हमें बसन देहु ब्रजराज।
(C) कुमोदिनी मानस-मोदिनी कहीं।
(D) धनि-धनि अँखियाँ सुछवि, सनि-सनि सुख देत। ✓

Q.18

"..... कई रचनाएं जो मूलतः जैन-धर्म-भावना से प्रेरित होकर लिखी गई हैं, निस्संदेह उत्तम काव्य हैं और विजयपाल रासो और हम्मीर रासो की भांति ही साहित्यिक इतिहास के लिए स्वीकार्य हो सकती हैं। यही बात बौद्ध सिद्धों की कुछ रचनाओं के बारे में भी कही जा सकती है।" आदिकालीन साहित्य के बारे में यह कथन किसका है?

(A) मिश्र बंधु
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी ✓
(C) रामचंद्र शुक्ल
(D) राम कुमार वर्मा

Q.19

निम्नलिखित में से उदात्त का सहजजात स्रोत (अंतरंग तत्त्व) कौनसा है?

(A) समुचित अलंकार योजना
(B) अभिजात पद रचना
(C) गरिमा और ऊँचाई का समग्र प्रभाव
(D) महान और पुष्ट विचारों के धारण की क्षमता ✓

Q.20

संगणक सहाय अधिगम पैकेज के विकास के अंतर्गत, 'अनुदेशात्मक उद्देश्यों' का निर्धारण किस चरण में किया जाता है?

(A) अभिकल्पन
(B) वैधीकरण
(C) विश्लेषण ✓
(D) अभिक्रमण (प्रोग्रामिंग)

Q.21

किस शब्द-शक्ति द्वारा शब्द के सामान्य प्रचलित अर्थ का ज्ञान होता है?

(A) लक्षण लक्षणा
(B) व्यंजना
(C) प्रयोजनवती लक्षणा
(D) अभिधा ✓

Q.22

कंकन किंकिनि नूपुर धुनि सुनि। कहत लखन सन राम हृदय गुनि।।
मानहु मदन दुंदुभी दीनी। मनसा बिस्व-विजय कहँ कीनि।।
प्रस्तुत पंक्तियों में कौनसा काव्य गुण है?

(A) माधुर्य ✓
(B) कांति
(C) उदारता
(D) ओज

Q.23

ध्यातव्य — प्र.सं. 26 - 27 के उत्तर निम्नांकित अपठित गद्यांश के आधार पर दें -
सफलता और चरितार्थता में अन्तर है। मनुष्य मारणास्त्रों के संचयन से, बाह्य उपकरणों के बाहुल्य से उस वस्तु को पा भी सकता है, जिसे उसने बड़े आडम्बर के साथ सफलता नाम दे रखा है। परन्तु मनुष्य की चरितार्थता प्रेम में है, मैत्री में है, त्याग में है, अपने को सबके मंगल के लिये निःशेष भाव से दे देने में है। नाखूनों का बढ़ना मनुष्य की उस अन्ध सहजता वृत्ति का परिणाम है, जो उसके जीवन में सफलता ले आना चाहती है, उसको काट देना उस 'स्व'-निर्धारित आत्म-बन्धन का फल है, जो उसे चरितार्थता की ओर ले जाती है।

नाखूनों को काट देना किसका परिणाम है?

(A) मनुष्य के भीतर की पशुता का
(B) मनुष्य के उच्छृंखल स्वभाव का
(C) बाह्य उपकरणों के बाहुल्य का
(D) स्व-निर्धारित आत्म-बन्धन का ✓

Q.24

'लौट कर आया हुआ' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

(A) परोक्ष
(B) प्रत्यागत ✓
(C) परार्थी
(D) भावी

Q.25

रचना और रचनाकार की दृष्टि से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(A) श्रावकाचार - देवसेन
(B) स्थूलिभद्र रास - विजयसेन सूरि ✓
(C) भरतेश्वर बाहुबली रास - शालिभद्र सूरि
(D) नेमिनाथ रास - सुमति गणि

Q.26

हीनता ग्रंथि और श्रेष्ठता ग्रंथि का अतिरेक व्यक्ति को मानसिक रोगी बना देता है, यह विचार प्रस्तुत करने वाले मनोविश्लेषक हैं -

(A) मैकडूगल
(B) फ्रायड
(C) अल्फ्रेड एडलर ✓
(D) कार्ल गुस्ताव जुंग

Q.27

"'शास्त्र स्थिति - संपादन मात्र इनका लक्ष्य नहीं था। कहीं तो चमत्कारातिशय के लिए ये उक्तियाँ बाँधते थे और कहीं रसाभिव्यक्ति के लिए रीति-शास्त्रों में गिनाई हुई सामग्री का त्याग करके अपने अनुभव और निरीक्षण से प्राप्त उपलब्धि, सामग्री या नूतनता का सन्निवेश करते थे।'" उक्त कथन किसका है?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ✓
(B) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) डॉ. नगेन्द्र

Q.28

'कविता क्या है' निबंध में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के मतानुसार चमत्कार के अन्तर्गत क्या सम्मिलित नहीं है?

(A) शब्दों की क्रीड़ा

(B) प्रस्तुत वस्तुओं का अद्भुतत्व अथवा अप्रस्तुत वस्तुओं के साथ उनके सादृश्य की अनहोनी

(C) वर्ण विन्यास की विशेषता ✓

(D) वाक्य की वक्रता या वचनभंगी

Q.29

निम्नलिखित में से कौनसी क्रिया 'अग्रिम संगठक प्रतिमान' की 'संरचना' के प्रथम चरण : 'अग्रिम संगठक का प्रस्तुतीकरण' के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है?

(A) पाठ शिक्षण से संबंधित विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान से परिचित होना

(B) पाठ उद्देश्यों का स्पष्टीकरण

(C) अग्रिम संगठक का प्रस्तुतीकरण

(D) अधिगम सामग्री का औपचारिक प्रस्तुतीकरण ✓

Q.30

प्रयोगवाद को स्पष्ट करते हुए अज्ञेय की उक्ति "प्रयोग का कोई वाद नहीं है ..... प्रयोग अपने आप में इष्ट नहीं है, वह साधन है और दोहरा साधन है। क्योंकि एक तो वह उस सत्य को जानने का साधन है, जिसे कवि प्रेषित करता है, दूसरे वह उस प्रेषण की क्रिया को और उसके साधनों को जानने का भी साधन है।" किस संग्रह की भूमिका में लिखी गई है?

(A) दूसरा सप्तक ✓

(B) तीसरा सप्तक

(C) तार सप्तक

(D) चौथा सप्तक

Q.31

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने मीराबाई की उपासना किस ढंग की मानी है?

(A) दास्य भाव

(B) वत्सल भाव

(C) माधुर्य भाव ✓

(D) सख्य भाव

Q.32

"सिद्धों और योगियों की रचनाएं तांत्रिक विधान, योग साधना, आत्म निग्रह, श्वास-निरोध, भीतरी चक्रों और नाड़ियों की स्थिति, अंतर्मुख साधना के महत्त्व इत्यादि की सांप्रदायिक शिक्षा मात्र हैं, जीवन की स्वाभाविक अनुभूतियों और दशाओं से उनका कोई संबंध नहीं। अतः वे शुद्ध साहित्य के अन्तर्गत नहीं आती।" आदिकालीन सिद्धों और योगियों के साहित्य के बारे में यह कथन किसका है?

(A) रामचंद्र शुक्ल ✓

(B) मिश्र बंधु

(C) शिवसिंह सेंगर

(D) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

Q.33

हिन्दी साहित्य के इतिहास विषयक चार ग्रंथ हैं -
(अ) मिश्र बंधु विनोद
(ब) शिव सिंह सरोज
(स) द मॉडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान
(द) इस्त्वार द ला लितरेत्यूर ऐन्दुई ऐ ऐन्दुस्तानी
इन ग्रंथों का रचनाकाल की दृष्टि से आरोही क्रम है -

(A) (स), (द), (अ), (ब)
(B) (द), (स), (अ), (ब)
(C) (द), (ब), (स), (अ) ✓
(D) (स), (द), (ब), (अ)

Q.34

'रंग में भंग होना' का अभिप्राय है-

(A) रंगों में भंग मिल जाना
(B) रंग का डिब्बा बिखर जाना
(C) उल्लास में विघ्न पड़ना ✓
(D) रंगीन तस्वीर खराब हो जाना

Q.35

'कुलिस-कठोर सुनत कटु बानी। विलपत लखन, सीय, सब रानी।।' प्रस्तुत पंक्ति में अलंकार है -

(A) उत्प्रेक्षा
(B) श्लेष
(C) यमक
(D) उपमा ✓

Q.36

निम्नलिखित में से संधि से निर्मित सही शब्द नहीं है –

(A) मही + इन्द्र = महेन्द्र ✓
(B) इति + आदि = इत्यादि
(C) उपरि + उक्त = उपर्युक्त
(D) रवि + इन्द्र = रवीन्द्र

Q.37

हिन्दी साहित्य के इतिहास की आरंभिक सीमा संवत् 750 (693 ई.) मानने वाले इतिहासकार हैं -

(A) बाबू श्याम सुंदरदास
(B) रामकुमार वर्मा ✓
(C) रामचंद्र शुक्ल
(D) राहुल सांकृत्यायन

Q.38

निम्नलिखित विकल्पों में से तुलसीदास कृत 'रामचरितमानस' में काण्ड/सोपानों का सही अनुक्रम है -

(A) बालकाण्ड - अयोध्याकाण्ड - किष्किन्धाकाण्ड - अरण्यकाण्ड

(B) बालकाण्ड - अरण्यकाण्ड - अयोध्याकाण्ड - किष्किन्धाकाण्ड

(C) बालकाण्ड - अरण्यकाण्ड - किष्किन्धाकाण्ड - अयोध्याकाण्ड

(D) बालकाण्ड - अयोध्याकाण्ड - अरण्यकाण्ड - किष्किन्धाकाण्ड ✓

Q.39

"'तो पर वारों उरबसी, सुनि राधिके सुजान। तू मोहन के उरबसी, ह्वै उरबसी समान।।'"
बिहारी में उपर्युक्त दोहे में 'उरबसी' शब्द का प्रसंगानुसार कौनसा विकल्प अर्थ की दृष्टि से भिन्न है?

(A) हृदय का वसन ✓

(B) हृदय में वसना

(C) आभूषण विशेष

(D) एक अप्सरा का नाम

Q.40

हिन्दी के प्रारम्भिक काल के प्रदत्त नामकरण तथा समर्थकों की दृष्टि से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(A) वीर काल - आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ✓

(B) आदिकाल - डॉ. रसाल

(C) चारण काल - डॉ. जार्ज ग्रियर्सन

(D) सिद्ध-सामंत काल - राहुल सांकृत्यायन

Q.41

कफन कहानी में निम्नलिखित में से कौनसा प्रसंग वर्णित नहीं है?

(A) मेरे नौ लड़के हुए, घर में कभी कुछ न था, मगर भगवान ने किसी तरह बेड़ा पार ही लगाया।

(B) भगवान दे तो जो लोग अभी एक पैसा नहीं दे रहे हैं, वे ही कल बुलाकर रुपये देंगे।

(C) घीसू को भय था कि वह कोठरी में गया तो माधव आलुओं का बड़ा भाग साफ कर देगा।

(D) मेरी औरत जब मरी थी, तो मैं तीन दिन तक उसके पास से हिला तक नहीं था। ✓

Q.42

निम्न में से कौनसे कथन सहकारी अधिगम की विशेषताओं के सम्बन्ध में सही हैं?
(अ) यह विषयवस्तु को केन्द्र बनाती है न कि विद्यार्थी को
(ब) यह अधिगम को केवल शिक्षक केन्द्रित बनाती है
(स) यह विद्यार्थी को स्वयं अधिगम मार्ग चुनने का अवसर देती है
(द) यह साझा लक्ष्य एवं व्यक्तिगत उत्तरदायित्व का समर्थन करती है
दिये गये विकल्पों में से सही कूट का चयन कीजिये -

(A) केवल (अ), (स) और (द)

(B) केवल (स) और (द) ✓

(C) केवल (अ) और (ब)

(D) केवल (ब), (स) और (द)

Q.43

यण स्वर संधि का उदाहरण नहीं है -

(A) यद्यपि
(B) महौजस्वी ✓
(C) पित्रादेश
(D) अत्यूष्म

Q.44

निम्नलिखित में से सम्प्रदाय तथा उसके प्रवर्तक आचार्य के क्रम में कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(A) राधावल्लभी सम्प्रदाय - स्वामी हित हरिवंश
(B) श्री सम्प्रदाय - रामानुजाचार्य
(C) रुद्र सम्प्रदाय - विष्णुस्वामी
(D) सनकादि सम्प्रदाय - मध्वाचार्य ✓

Q.45

ध्यातव्य — प्र.सं. 28 - 29 के उत्तर निम्नांकित अपठित पद्यांश के आधार पर दें -
'रक्त से छाने हुए इस राज्य को
वज्र हो कैसे सकूँगा भोग मैं?
आदमी के खून में यह है सना
और है इसमें लहू अभिमन्यु का'।
वज्र-सा कुछ टूटकर स्मृति से गिरा,
दब गये कौन्तेय दुर्बह भार से,
दब गयी वह बुद्धि जो अब तक रही
खोजती कुछ तत्त्व रण के भरम में।

प्रस्तुत पद्यांश में निम्नलिखित में से किसकी पीड़ापूर्ण मनोदशा को व्यक्त किया गया है?

(A) युधिष्ठिर ✓
(B) अश्वत्थामा
(C) विदुर
(D) भीष्म

Q.46

महादेवी वर्मा का संस्मरण/रेखाचित्र निम्नलिखित में से नहीं है –

(A) माटी की मूरतें ✓
(B) अतीत के चलचित्र
(C) पथ के साथी
(D) स्मृति की रेखाएँ

Q.47

इनमें से किस विद्वान ने आदिकालीन सिद्ध कवियों का संग्रह 'हिन्दी काव्य धारा' नाम से किया?

(A) महापंडित राहुल सांकृत्यायन ✓
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) डॉ. प्रबोध चंद्र बागची
(D) महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री

Q.48

रस और उसके स्थायी भाव की दृष्टि से असंगत विकल्प है -

(A) वीर - उत्साह
(B) रौद्र - क्रोध
(C) अद्भुत - विस्मय
(D) बीभत्स - शोक ✓

Q.49

निम्नलिखित में से कौनसी रचना भूषण की नहीं है?

(A) भाषा भूषण ✓
(B) शिवराज भूषण
(C) छत्रसालदशक
(D) शिवाबावनी

Q.50

'बीसलदेव रासो' के संदर्भ में असंगत है -

(A) यह श्रृंगार रस परक गेय काव्य है।
(B) इसके रचयिता कवि नरपति नाल्ह हैं।
(C) यह छंद - वैविध्यपरक रचना है। ✓
(D) विरह वर्णन में बारहमासा पद्धति का प्रयोग हुआ है।

Q.51

अनुदेशनात्मक प्रणाली का संरचना के संबंध में अधोलिखित मुख्य समष्टि - अदा, प्रक्रिया तथा प्रदा से संबंधित तत्त्वों में से 'प्रक्रिया' से संबंधित तत्त्वों का उचित चयन कीजिये -

(अ) शिक्षक
(ब) अनुदेशनात्मक विधियाँ
(स) अनुदेशनात्मक उद्देश्यों की प्राप्ति
(द) व्यूह रचनाएँ
(य) विषयवस्तु
(र) उपागम

अधोलिखित में से सही कूट का चयन कीजिये -

(A) (अ), (य) तथा (र)
(B) (ब), (द) तथा (र) ✓
(C) (स), (द) तथा (य)
(D) (अ), (ब) तथा (स)

Q.52

शक्ति (प्रतिभा), निपुणता एवं अभ्यास तीनों को सम्मिलित रूप से काव्य हेतु मानने वाले आचार्य हैं -

(A) राजशेखर
(B) जयदेव
(C) मम्मट ✓
(D) पंडितराज जगन्नाथ

Q.53

हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित 'शिरीष के फूल' शीर्षक निबंध के संबंध में कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) शिरीष कालजयी अवधूत की भाँति जीवन की अजेयता का मंत्र- प्रचार करता रहता है।

(B) शिरीष वसंत के आगमन के साथ लहक उठता है, आषाढ़ तक तो मस्त रहता है। ✓

(C) शिरीष के साथ आरग्वध (अमलतास) की तुलना की जा सकती है।

(D) शिरीष का फूल संस्कृत-साहित्य में बहुत कोमल माना गया है।

Q.54

सूर के काव्य और भक्ति विषयक कौनसा कथन गलत है?

(A) सूर के काव्य में सख्य भक्ति के साथ-साथ वात्सल्य भाव का भी वर्णन है।

(B) सूर की भक्ति का मेरुदण्ड पुष्टि मार्गीय भक्ति है।

(C) भगवत्कृपा की प्राप्ति के लिए सूर की भक्ति-पद्धति में अनुग्रह का प्राधान्य है।

(D) सूर के काव्य में दार्शनिक सिद्धांत 'द्वैताद्वैत' की प्रधानता है। ✓

Q.55

डायरी-लेखन की विशेषताओं के संबंध में असंगत है -

(A) डायरी-लेखन में विविध लेखन-विधियों का स्पर्श रहता है।

(B) डायरीकार साहित्यिक संभावना के प्रति उदासीन रहता है। ✓

(C) डायरी-लेखन में व्यक्ति सापेक्षता अधिक रहती है।

(D) डायरी-लेखन डायरीकार की प्रामाणिक अभिव्यक्ति होती है।

Q.56

किस आचार्य के दार्शनिक सिद्धांत को 'द्वैतवाद' के नाम से जाना जाता है?

(A) श्री निम्बार्काचार्य

(B) श्री रामानुजाचार्य

(C) श्री मध्वाचार्य ✓

(D) श्री वल्लभाचार्य

Q.57

"भगति सुतिय कल करन विभूषण" बालकाण्ड की इस पंक्ति के अनुसार भक्ति रूपिणी सुन्दर स्त्री के कानों के सुन्दर आभूषण के समान कौन हैं?

(A) राम और लक्ष्मण ✓

(B) लक्ष्मण और सीता

(C) राम और सीता

(D) तुलसीदास एवं काकभुशुंडी

Q.58

'विज्ञप्ति' के प्रारूप के संबंध में असंगत है –

(A) कार्यालय के नाम के नीचे स्थान व दिनांक का उल्लेख होता है।

(B) इसके पश्चात् दाईं ओर संख्या लिखी जाती है। ✓

(C) विषम के बाद इसका कलेवर होता है।

(D) इसमें संबोधन और अधोलेख नहीं होता है।

Q.59

आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा नाम नाथों तथा सिद्धों दोनों की परंपरा में पाया जाता है?

(A) गैनीनाथ

(B) कण्हपा

(C) लूहिपा

(D) नागार्जुन ✓

Q.60

'यही सच है' कहानी की मूल संवेदना के विषय में कौनसा कथन संगत है?

(A) पुरुष की भौतिकवादी दृष्टि और उसमें होम होती हुई स्त्री की इयत्ता का चित्रण।

(B) पीढ़ियों का अंतर भी आधुनिक जीवन का एक यथार्थ है।

(C) उच्चवर्गीय परिवार की जिन्दगी का चित्रण।

(D) नारी मन के द्वन्द्व की अभिव्यक्ति का चित्रण। ✓

Q.61

निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'अक्ष' का अर्थ नहीं है?

(A) मोक्ष ✓

(B) आत्मा

(C) गरुड़

(D) साँप

Q.62

निम्नलिखित में से सात्विक अनुभाव नहीं है?

(A) स्वेद

(B) स्तम्भ

(C) प्रलय

(D) व्रीड़ा ✓

Q.63

"चित्रकार अथवा किसी भी अन्य कलाकार की ही तरह कवि अनुकर्ता है।" उक्त विचार किसने प्रस्तुत किए हैं?

(A) आचार्य अभिनवगुप्त ने

(B) अरस्तू ने ✓

(C) आचार्य कुंतक ने

(D) लौजाइनस ने

Q.64

उच्च कोटि के ग्राफिक्स जैसे - चार्ट, ग्राफ, सारणी, चित्र इत्यादि का मुद्रण (प्रिंट) करने के लिए किस हार्डवेयर उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है?

(A) प्लॉटर ✓
(B) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर
(C) थर्मल प्रिंटर
(D) इंकजेट प्रिंटर

Q.65

निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?

(A) बिभीषण, स्त्रोत, सदुपदेश
(B) दुष्कर, सदृश्य, नीति
(C) वृतान्त, त्योहार, श्रवन
(D) अन्तर्धान, शाप, पश्चात्ताप ✓

Q.66

'पलनू पीक, अंजनु अधर, धरे महावरु भाल।
आजु मिले, सु भली करी; भले बने हौ लाल।।'
उक्त दोहे के विषय में असंगत विवरण है -

(A) इसमें नायिका के विकृत सौंदर्य का चित्रण है। ✓
(B) इसमें प्रयुक्त 'भली' और 'भले' शब्द प्रशंसात्मक नहीं, अपितु व्यंग्यात्मक हैं।
(C) यह प्रौढ़ा-धीरा-खंडिता नायिका का नायक के प्रति कथन है।
(D) पहले चरण में अनुप्रास अलंकार है।

Q.67

ध्यातव्य — प्र.सं. 28 - 29 के उत्तर निम्नांकित अपठित पद्यांश के आधार पर दें -
'रक्त से छाने हुए इस राज्य को
वज्र हो कैसे सकूँगा भोग मैं?
आदमी के खून में यह है सना
और है इसमें लहू अभिमन्यु का'।
वज्र-सा कुछ टूटकर स्मृति से गिरा,
दब गये कौन्तेय दुर्बह भार से,
दब गयी वह बुद्धि जो अब तक रही
खोजती कुछ तत्त्व रण के भरम में।

'वज्र-सा कुछ टूटकर स्मृति से गिरा' पंक्ति में स्मृति से संकेतित है –

(A) आकाश
(B) बादल
(C) राज्य ✓
(D) बिजली

Q.68

"भारतेन्दु – युग के एक ओर मध्यकालीन दरबारी संस्कृति थी तो दूसरी ओर आम जनता में एक सामाजिक और राजनीतिक आन्दोलन के लिए वातावरण तैयार करना था।" यह कथन किसका है?

(A) बच्चन सिंह ✓
(B) नामवर सिंह
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D) रामविलास शर्मा

Q.69

"..... सभी ऐतिहासिक कहे जाने वाले काव्यों के समान इसमें भी इतिहास और कल्पना का - फैक्ट और फिक्शन का - मिश्रण है। सभी ऐतिहासिक मानी जाने वाली रचनाओं के समान इसमें भी काव्यगत और कथानक - प्रथित रूढ़ियों का सहारा लिया गया है।"
पृथ्वीराज रासो के बारे में यह कथन किसका है?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी ✓
(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) रामचंद्र शुक्ल
(D) रामकुमार वर्मा

Q.70

अर्द्धशासकीय पत्र के संबंध में असंगत है -

(A) हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी स्वयं संबोधन लिखता है।
(B) इसमें विषय व संदर्भ अनिवार्यतः लिखा जाता है। ✓
(C) यह किसी विषय पर अधिकारी की निजी सम्मति के लिए भी लिखा जाता है।
(D) की भाषा सरल व स्पष्ट होती है।

Q.71

'नयी कविता' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से आरंभ हुआ?

(A) वाराणसी
(B) पटना
(C) इलाहाबाद ✓
(D) दिल्ली

Q.72

"तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि" काव्य लक्षण विषयक उपर्युक्त मान्यता किसकी है?

(A) आचार्य राजशेखर
(B) आचार्य कुंतक
(C) आचार्य दंडी
(D) आचार्य मम्मट ✓

Q.73

निम्नलिखित में से कौनसी क्रिया संप्रत्यय उपलब्धि आग्रहण प्रतिमान की 'संरचना' के तृतीय चरण में सम्मिलित है?

(A) सकारात्मक और नकारात्मक उदाहरणों में गुणों की तुलना करना
(B) संप्रत्यय का नामकरण करना
(C) आवश्यक गुणों के संदर्भ में संप्रत्यय को परिभाषित करना
(D) विचारों का वर्णन करना ✓

Q.74

अधिसूचना के संबंध में असंगत है -

(A) सांविधिक नियमों और आदेशों की सूचना अधिसूचना के रूप में दी जाती है।

(B) सभी कर्मचारियों की नियुक्ति, पदोन्नति, स्थानांतरण आदि की सूचना अधिसूचना के रूप में प्रकाशित की जाती है। ✓

(C) अधिसूचना का प्रकाशन अनिवार्यतः राजपत्र में किया जाता है।

(D) शक्तियों के सौंपे जाने की घोषणा अधिसूचना के रूप में प्रकाशित की जाती है।

Q.75

गीतिका छंद के विषय में असंगत है -

(A) यह मात्रिक सम छंद है।

(B) प्रत्येक चरण के अंत में लघु-गुरु होता है।

(C) प्रत्येक चरण में 26 मात्राएँ होती हैं।

(D) 12, 14 पर यति होती है। ✓

Q.76

ओज गुण के संबंध में असंगत है -

(A) इसकी अभिव्यक्ति संयुक्त, द्वित्व तथा रेफ युक्त वर्णों द्वारा होती है।

(B) इस गुण का प्रयोग वीर, वीभत्स तथा रौद्र रस में होता है।

(C) कठोर तथा परुष वर्णों का प्रयोग होता है।

(D) दीर्घ समासों का बहुल प्रयोग नहीं होता है। ✓

Q.77

निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?

(A) शैलजा, गिरिजा, अर्कजा ✓

(B) अनल, पावक, कृशानु

(C) अभ्र, शून्य, व्योम

(D) अरुण, मार्तंड, मिहिर

Q.78

"सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा। गावहिं मुनि पुरान बुध वेदा।।"
बालकांड में उक्त विचार कौन, किससे प्रकट कर रहे हैं?

(A) सप्तर्षि नारदमुनि से

(B) विश्वामित्र राजा दशरथ से

(C) शिव जी पार्वती जी से ✓

(D) याज्ञवल्क्य भरद्वाज से

Q.79

जायसी की किस रचना में वर्णमाला के एक-एक अक्षर को लेकर सिद्धांत संबंधी तत्त्वों से भरी चौपाइयाँ कही गई हैं?

(A) आखिरी कलाम

(B) पद्मावत

(C) अखरावट ✓

(D) कहरानामा

Q.80

देवनागरी लिपि के अनुसार निम्नलिखित में से आगत लिपि चिन्ह युक्त शब्द कौनसा है?

(A) विसर्ग
(B) गद्यांश
(C) डॉक्टर ✓
(D) क्षत्रप

Q.81

निम्नलिखित ग्रंथों को उनके रचयिताओं के साथ सुमेलित करने वाले विकल्प का चयन कीजिए -

ग्रंथ	रचनाकार
(अ) उक्ति व्यक्ति प्रकरण	(A) ज्योतिरीश्वर ठाकुर
(ब) चर्यापद	(B) आसगु
(स) चन्दनबालारास	(C) पंडित दामोदर शर्मा
(द) वर्णरत्नाकर	(D) शबरपा

(A) (अ)-(C), (ब)-(D), (स)-(A), (द)-(B)
(B) (अ)-(C), (ब)-(D), (स)-(B), (द)-(A) ✓
(C) (अ)-(A), (ब)-(B), (स)-(C), (द)-(D)
(D) (अ)-(D), (ब)-(C), (स)-(B), (द)-(A)

Q.82

"तीन बरस हुए देव! मेरी भूमि खेती के लिए ली गई थी।"
जयशंकर प्रसाद की 'पुरस्कार' शीर्षक कहानी में उपर्युक्त कथन मधूलिका ने किससे कहा है?

(A) कौशल के वृद्ध मंत्री से
(B) राजकुमार अरुण से
(C) कौशल के सेनापति से
(D) कौशल के महाराज से ✓

Q.83

'रसोईघर' सामासिक पद का उपयुक्त समास-विग्रह है –

(A) रसोई का घर
(B) रसोई के लिए घर ✓
(C) रसोई में घर
(D) रसोई और घर

Q.84

'अक्ल की गाँठ खुलना' मुहावरे का संगत अर्थ है -

(A) समझ में आना ✓
(B) बुद्धि की कमी
(C) मूर्खता करना
(D) कल्पना करना

Q.85

'हिंदी' शब्द की व्याप्ति के संदर्भ में असंगत है -

(A) राजभाषा के रूप में हिंदी से आशय है, परिनिष्ठित हिंदी जो प्रमुखतः खड़ी बोली पर आधारित है।

(B) जॉर्ज ग्रियर्सन ने केवल पूर्वी हिंदी और पश्चिमी हिंदी को ही हिंदी माना है।

(C) सुनीति कुमार चटर्जी पूर्वी हिंदी और बिहारी को ही हिंदी मानते हैं। ✓

(D) हिंदी साहित्य के इतिहास ग्रंथों में हिंदी के अंतर्गत पाँच उपभाषाओं (पूर्वी हिंदी, पश्चिमी हिंदी, राजस्थानी, पहाड़ी और बिहारी) को समाहित किया गया है।

Q.86

शैक्षिक सॉफ्टवेयर के विकास क्रम में निम्नलिखित चरणों में से सही क्रम का चयन कीजिए -
(ए) कोडिंग करना
(बी) रूपरेखा तैयार करना
(सी) प्रलेखन
(डी) समस्याओं का विश्लेषण
(ई) मूल्यांकन
(एफ) प्रसंग का चयन
सही कूट का चयन कीजिये -

(A) एफ → डी → बी → ए → सी → ई ✓

(B) एफ → सी → डी → बी → ए → ई

(C) एफ → ए → सी → डी → बी → ई

(D) एफ → बी → ए → सी → डी → ई

Q.87

उपन्यास और उपन्यासकार की दृष्टि से असंगत है -

(A) अग्निबीज - मार्कण्डेय

(B) उपसंहार - कमलेश्वर ✓

(C) अन्तिम अरण्य - निर्मल वर्मा

(D) बलचनमा - नागार्जुन

Q.88

उदार और सुन्दर वस्तु का सुन्दर और रमणीय वर्णन किस वक्रता के अन्तर्गत आता है?

(A) पदपरार्द्ध वक्रता

(B) पदपूर्वार्द्ध वक्रता

(C) वाक्य वक्रता ✓

(D) प्रबन्ध वक्रता

Q.89

आचार्य शंकुक ने रस सूत्र की व्याख्या में 'संयोगात्' का अर्थ माना है –

(A) उत्पाद्य – उत्पादक भाव

(B) अनुमाप्य – अनुमापक भाव ✓

(C) व्यंग्य – व्यंजक संबंध

(D) भोग्य – भोजक संबंध

Q.90

व्याकरण का 'स्फोटवाद' किस सिद्धान्त के मूल में माना जाता है?

(A) औचित्य सिद्धान्त
(B) वक्रोक्ति सिद्धान्त
(C) रस सिद्धान्त
(D) ध्वनि सिद्धान्त ✓

Q.91

कुलहिं प्रकासै एक सुत, नहिं अनेक सुत निन्द।
एक चन्द सब तम हरै, नहिं उडगन के वृंद।।
काव्य-पंक्तियों में अलंकार है -

(A) उत्प्रेक्षा
(B) दृष्टांत ✓
(C) उदाहरण
(D) भ्रान्तिमान

Q.92

निम्नलिखित में से ग्रन्थ एवं लेखक की दृष्टि से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(A) हिन्दी साहित्य का अतीत - विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(B) हिन्दी साहित्य का आदिकाल - आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) हिन्दी साहित्य : उद्भव एवं विकास - डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ✓
(D) रीतिकाव्य की भूमिका - डॉ. नगेन्द्र

Q.93

'रस मुख्यतः अनुकार्य में रहता है और गौण रूप में अनुकर्ता (नट) में ऐसी मान्यता किस आचार्य की है?

(A) आचार्य भट्टलोल्लट ✓
(B) आचार्य भट्टनायक
(C) आचार्य अभिनव गुप्त
(D) आचार्य शंकुक

Q.94

वे कवि जिन्होंने लक्षण और उदाहरण शैली पर काव्य सृजन तो नहीं किया, किन्तु रचना करते समय उनका झुकाव लक्षण-ग्रन्थों पर अवश्य रहा है, कहलाते हैं?

(A) रीतिमुक्त
(B) रीतिसिद्ध ✓
(C) रीतिबद्ध
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.95

निम्नलिखित में से कौनसा व्यावहारिक संप्रेषण कौशल का मूल-सिद्धान्त नहीं है?

(A) यथार्थपूर्ण
(B) संयुक्त ✓
(C) शिष्ट
(D) सुसंगत

Q.96

'बावन तोले पाव रत्ती' लोकोक्ति का संगत अर्थ है -

(A) बहुत किफायत से खर्च करना।
(B) जो हर तरफ से बिल्कुल ठीक हो। ✓
(C) एक काम के घाटे का दूसरे काम से पूरा होना।
(D) जब काम के आरम्भ में ही विघ्न पड़ जाए।

Q.97

आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र किस कवि को रीतिबद्ध श्रेणी में शामिल नहीं करते हैं?

(A) भिखारीदास
(B) जसवंत सिंह
(C) कवि ग्वाल
(D) द्विजदेव ✓

Q.98

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने खड़ी बोली गद्य को एक साथ आगे बढ़ाने वाले विद्वानों में किसे सम्मिलित नहीं किया है?

(A) लल्लूलाल
(B) सैयद इंशा अल्ला खाँ
(C) मुंशी सदासुख लाल
(D) राजा शिवप्रसाद ✓

Q.99

इनमें से नागार्जुन की रचना नहीं है?

(A) हजार-हजार बाँहों वाली
(B) प्यासी पथराई आँखें
(C) सतरंगे पंखों वाली
(D) जमुन जल तुम ✓

Q.100

यह कथन किसका है?
"बुद्धवदेव के बाद भारत में सबसे बड़े लोकनायक तुलसीदास है.....ये असाधारण प्रतिभा लेकर उत्पन्न हुए"

(A) फादर कामिल बुल्के
(B) डॉ. नगेंद्र
(C) जॉर्ज ग्रियर्सन ✓
(D) डॉ. नंद दुलारे बाजपेयी

Q.101

मध्यकालीन राम भक्त कवियों से संबंधित कौनसा कथन गलत है?

(A) अग्रदास को रामभक्ति परम्परा में रसिक भावना के समावेश का श्रेय जाता है।
(B) रामानन्द जी की भक्ति पद्धति का प्रभाव रामभक्ति-परंपरा पर प्रत्यक्ष लक्षित होता है।
(C) तुलसीदास की एक रचना 'ध्यान मंजरी' के नाम से भी मिलती है। ✓
(D) 'ईश्वर दास' की रामकथा से संबद्ध रचना का नाम 'भरत मिलाप' है।

Q.102

श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुर सुधार।
बरनौ रघुवर विमल जस, जो दायक फल चार।।
उपर्युक्त पंक्तियों में छंद है?

(A) दोहा ✓
(B) हरिगीतिका
(C) चौपाई
(D) रोला

Q.103

निम्नलिखित में से सोशल मीडिया के अंतर्गत परिगणित नहीं की जाने वाली सेवा है -

(A) टेलीविजन ✓
(B) ट्विटर
(C) फेसबुक
(D) ब्लॉग्स

Q.104

टेलीविजन फीचर लेखन के अनिवार्य तत्त्व में सम्मिलित नहीं है -

(A) संगीत
(B) इंटरनेट ✓
(C) शब्द
(D) चित्र

Q.105

निम्नलिखित में से 'कविता' के संबंध में संगत नहीं है –

(A) पद्यात्मकता
(B) कलापक्ष और रूपात्मक सौन्दर्य की नितांत उपेक्षा ✓
(C) लय युक्त शब्दावली
(D) गीति, प्रगीति और मुक्तक रूप में रचना

Q.106

"गुरु गोविंद तौ एक है, दूजा यहु आकार।
आपा मेट जीवत मरै, तो पावै करतार।।"
कबीर की इस साखी में प्रयुक्त 'आपा' के अभिप्राय की दृष्टि से कौनसा विकल्प असंगत है?

(A) अहंकार
(B) अपनी सत्ता
(C) अपनापा ✓
(D) अस्तित्व

Q.107

संतदास एवं जगन्नाथ दास द्वारा दादू दयाल जी की रचनाओं का संग्रह किस नाम से किया गया?

(A) हरडे वाणी ✓
(B) दादू दयाल
(C) दादूवाणी
(D) अंगवधू

Q.108

भक्तिकाल-पूर्व के हिन्दी साहित्य के संबंध में डॉ. रामकुमार वर्मा का मत है -
(अ) उन्होंने इसके प्रथम काल (भाग) को 'संधिकाल' नाम दिया।
(ब) उन्होंने इसके दूसरे काल (भाग) को 'चारणकाल' नाम दिया।
उपर्युक्त कथनों के आधार पर उत्तर दीजिए -

(A) (अ) गलत और (ब) सही
(B) (अ) और (ब) दोनों सही ✓
(C) (अ) सही और (ब) गलत
(D) (अ) और (ब) दोनों गलत

Q.109

प्रगतिवादी कवियों में सॉनेट के सर्वाधिक सिद्ध कवि हैं -

(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) रांगेय राघव
(C) शिवमंगल सिंह सुमन
(D) त्रिलोचन ✓

Q.110

'बुरे काम का बुरा फल' अर्थ को व्यंजित करने वाली लोकोक्ति है –

(A) अटका बनिया देय उधार
(B) आग खाएगा तो अंगार उगलेगा ✓
(C) आधा तीतर आधा बटेर
(D) एक अनार सौ बीमार

Q.111

'कविता क्या है' शीर्षक निबंध में व्यक्त हुए विचारों में से कौनसा विकल्प असत्य या असंगत है?

(A) जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञान-दशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रस-दशा कहलाती है।
(B) मनुष्येतर बाह्य प्रकृति की, जो प्रधानता 'मेघदूत' में मिली है, वह संस्कृत के प्राय: सभी काव्य-ग्रंथों में भी है। ✓
(C) कविता ही मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है।
(D) काव्य की रस-धारा में, जो थोड़ी देर के लिए निमग्न न हुआ, उसके जीवन को मरुस्थल की यात्रा ही समझना चाहिए।

Q.112

"'भक्ति आंदोलन की जो लहर दक्षिण से आई, उसी ने उत्तर भारत की परिस्थिति के अनुरूप हिन्दू-मुसलमान दोनों के लिए एक सामान्य भक्ति मार्ग की भी भावना कुछ लोगों में जगाई। हृदयपक्ष शून्य सामान्य अंतस्साधना का मार्ग निकालने का प्रयत्न नाथ-पंथी कर चुके थे.....।'
यह कथन इनमें से किसका है?

(A) रामचंद्र शुक्ल ✓
(B) रामकुमार वर्मा
(C) हरवंशलाल शर्मा
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

Q.113

आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार बिहारी के बहुत से दोहों पर किस कृति की छाया है?

(A) गीत गोविन्द
(B) सुजान चरित
(C) चन्द छंद बरनन की महिमा
(D) आर्या सप्तशती ✓

Q.114

निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता आचार्य विश्वनाथ द्वारा वर्णित रस के स्वरूप में परिगणित नहीं है?

(A) रस अखण्ड होता है।
(B) रसानुभव वेद्यांतर स्पर्श युक्त होता है। ✓
(C) रस स्वप्रकाश, आनंदमय और चिन्मय है।
(D) रसानंद ब्रह्मानंद के समतुल्य है।

Q.115

'पश्चिमी हिंदी' उपभाषा के अंतर्गत निम्न में से कौनसी बोली सम्मिलित नहीं है?

(A) बुंदेली
(B) बघेली ✓
(C) कन्नौजी
(D) कौरवी

Q.116

इनमें से किस आचार्य ने 'साधारणीकरण' का विवेचन नहीं किया है?

(A) विश्वनाथ
(B) शंकुक ✓
(C) भट्टनायक
(D) अभिनवगुप्त

Q.117

संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा राजभाषा हिन्दी का विकास करना केन्द्र सरकार का कर्त्तव्य माना गया है?

(A) अनुच्छेद 345
(B) अनुच्छेद 350
(C) अनुच्छेद 351 ✓
(D) अनुच्छेद 344

Q.118

रीतिकाल की विशिष्टता की ओर संकेत करता निम्नलिखित पद्य किस कवि का है?
आगे के सुकवि रीझिहैं तौ कविताई न तौ,
राधिका-कन्हाई सुमिरन को बहानो है।

(A) सेनापति
(B) देव
(C) मतिराम
(D) भिखारीदास ✓

Q.119

समता लहि सीतल भया, मिटी मोह की ताप। निसि-वासर सुख निधि लद्या, अंतर प्रगट्या आप।। प्रस्तुत छंद में रस है?

(A) श्रृंगार
(B) शांत ✓
(C) अद्भुत
(D) करुण

Q.120

कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गये।
हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नये।।
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस छंद की हैं?

(A) हरिगीतिका ✓
(B) उल्लाला
(C) रोला
(D) गीतिका

Q.121

भामह द्वारा माने गए काव्य के प्रयोजनों में से कीर्ति तथा अर्थ का संबंध किससे है?

(A) सामाजिक से
(B) पाठक से
(C) कवि से ✓
(D) आचार्य से

Q.122

रिपोर्ताज के संबंध में असंगत है -

(A) रिपोर्ताज का प्रभाव असीमित होता है। ✓
(B) रिपोर्ताज में बाह्य स्वरूप की अभिव्यक्ति अधिक और आन्तरिक स्वरूप की अपेक्षाकृत कम होती है।
(C) रिपोर्ताज में तथ्यों के साथ भाव प्रवणता भी रहती है।
(D) रिपोर्ताज का स्वरूप कलापूर्ण होता है।

Q.123

निम्नलिखित में से 'नि' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है -

(A) निवारण
(B) निबंध
(C) न्यस्त
(D) निरीह ✓

Q.124

(अ) मंझन कृत 'मधुमालती' में नायक-नायिका के प्रथम दर्शन-जन्य प्रेम के साथ-साथ पूर्व जन्म के प्रणय-संस्कारों की भी महत्ता दिखायी गयी है।
(ब) सामान्यतः हिन्दी प्रेमाख्यानों में नायक को बहुपत्नीवादी दिखाया गया है, किंतु यह (मधुमालती) प्रेमाख्यान इसका अपवाद है।
उपर्युक्त कथनों के आधार पर उत्तर दीजिए –

(A) (अ) और (ब) दोनों सही ✓
(B) (अ) सही और (ब) गलत
(C) (अ) और (ब) दोनों गलत
(D) (अ) गलत और (ब) सही

Q.125

'बिजनौरी' हिन्दी भाषा की किस बोली की उपबोली मानी जाती है?

(A) बुंदेली
(B) अवधी
(C) ब्रजभाषा
(D) कौरवी ✓

Q.126

निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द अशुद्ध हैं?

(A) कनिष्ठ, यथेष्ठ, पुष्टि ✓
(B) रुष्ठ, श्रेष्ठ, सन्तुष्ट
(C) वरिष्ठ, अभीष्ट, मिष्ठान्न
(D) श्लिष्ट, षष्ठी, निष्ठा

Q.127

निम्नलिखित में से भारतेन्दु की कौनसी रचना मौलिक नहीं है?

(A) कर्पूरमंजरी ✓
(B) चन्द्रावली
(C) भारत दुर्दशा
(D) अंधेर नगरी

Q.128

अधोलिखित शिक्षण सहायक सामग्रियों में से अप्रक्षेपित त्रिआयामी दृश्य प्रकार की शिक्षण सहायक सामग्री का चयन नीचे दिए विकल्पों में से कीजिए -
(अ) कठपुतली (ब) प्रतिमान (स) चित्र (द) पोस्टर (य) होलोग्राम (र) चार्ट
सही कूट का चयन कीजिए -

(A) केवल (स), (द) एवं (र)
(B) केवल (अ), (स), (य) एवं (र)
(C) केवल (ब), (स) एवं (द)
(D) केवल (अ), (ब) एवं (य) ✓

Q.129

विधा, रचना और रचनाकार की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(A) संस्मरणात्मक रेखाचित्र – हम हशमत – कृष्णा सोबती
(B) रिपोर्ताज – रेखाएँ और चित्र – धर्मवीर भारती ✓
(C) आत्मकथा – नीलयक्षिणी – देवेन्द्र सत्यार्थी
(D) जीवनी – आवारा मसीहा – विष्णु प्रभाकर

Q.130

निम्नलिखित में से किस विकल्प में सही विलोम शब्द नहीं है?

(A) कर्मठ - कृपण ✓
(B) आर्द्र - शुष्क
(C) उद्धत - विनीत
(D) आद्य - अन्त्य

Q.131

निबंध-संग्रह और निबंधकार की दृष्टि के असंगत विकल्प है -

(A) कला का जोखिम - अज्ञेय ✓
(B) विराम चिन्ह - रामविलास शर्मा
(C) नया साहित्य : नए प्रश्न - नंद दुलारे वाजपेयी
(D) चेतना के बिम्ब - डॉ. नगेन्द्र

Q.132

"राम नाम कै पटंतरै, देबे कौ कछु नाँहि। क्या लै गुरु संतोषिए, हौंस रही मन माँहि।।" उक्त साखी में 'हौंस रही मन माँहि' का उपयुक्ततम अर्थ है -

(A) अपनी निर्धनता के कारण मन निराशा से भर गया।
(B) गुरु को संतुष्ट न कर सकने का पछतावा नहीं रह गया। ✓
(C) गुरु का सान्निध्य पाने की इच्छा शेष रह गई।
(D) राम नाम के उपदेश से मन उल्लास से भर गया।

Q.133

"इनकी सी विशुद्ध, सरस और शक्तिशाली ब्रजभाषा लिखने में और कोई कवि समर्थ नहीं हुआ। विशुद्धता के साथ प्रौढ़ता और माधुर्य भी अपूर्व ही है। विप्रलंभ श्रृंगार ही अधिकतर इन्होंने लिखा है।" घनानन्द के बारे में यह कथन किसका है?

(A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(B) रामचन्द्र शुक्ल ✓
(C) नगेन्द्र
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

Q.134

'जानि स्याम को स्याम-घन नाचि उठे वन मोर।'
प्रस्तुत पंक्ति में अलंकार है -

(A) संदेह
(B) उदाहरण
(C) श्लेष
(D) भ्रान्तिमान ✓

Q.135

'कहानी' के संबंध में अनुपयुक्त विकल्प है -

(A) अंग्रेजी में जिसे 'शॉर्ट स्टोरी' कहते हैं वही बंगला में गल्प तथा हिन्दी में 'कहानी' नाम से प्रचलित हुआ है।
(B) कहानी में कथासूत्र, कथानक, पात्र और देश-काल या परिस्थिति, उसके प्रमुख तत्त्व माने जाते रहे हैं।
(C) भारतवर्ष में कहानी का प्राचीनतम रूप कथा है।
(D) नियमों को ध्यान में रखकर ही अच्छी कहानी लिखी जा सकती है। ✓

Q.136

रीतिकालीन कवि देव के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(A) भावविलास, भवानीविलास तथा अष्टयाम कवि देव की रचनाएं हैं।

(B) देव अनेक आश्रयदाताओं के आश्रय में रहे।

(C) देव की रचनाओं की सामग्री, थोड़े हेरफेर के साथ लगभग सभी रचनाओं में समान है।

(D) कवि देव ने व्यंजना को उत्तम काव्य माना है। ✓

Q.137

पृथ्वीराज रासो के विषय में इतिहासकारों के निम्नलिखित मतों में से कौनसा मत असंगत है?

(A) मुनि जिनविजय तथा डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी पृथ्वीराज रासो को एक जाली ग्रंथ मानते हैं। ✓

(B) कर्नल टॉड 'पृथ्वीराज रासो' के नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित संस्करण को प्रामाणिक मानते हैं।

(C) डॉ. बूलर 'पृथ्वीराजविजय' ग्रंथ के आधार पर इसे अप्रामाणिक रचना मानते हैं।

(D) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मानते हैं कि पृथ्वीराज रासो चंदबरदाई की रचना है, किंतु उसका मूल स्वरूप आजकल उपलब्ध नहीं है।

Q.138

जनसंचार के लोक-माध्यम में सम्मिलित नहीं है –

(A) कठपुतली

(B) नौटंकी

(C) गवरी

(D) एकांकी ✓

Q.139

किस सामासिक पद का विग्रह त्रुटिपूर्ण है?

(A) सुखप्रद = सुख देने वाला

(B) जलमग्न = जल में मग्न

(C) आपबीती = अपने पर बीती

(D) स्वर्गप्राप्त = स्वर्ग में प्राप्त ✓

Q.140

"मिथिला मेरा मूल है और अयोध्या फूल,
चित्रकूट को क्या कहूँ, रह जाती हूँ भूल।"
'साकेत' में उपर्युक्त कथन किसका है?

(A) श्रुतिकीर्ति

(B) मांडवी

(C) सीता

(D) उर्मिला ✓

Q.141

निम्नलिखित विकल्पों में से कौनसा पत्र-पत्रिका, संपादक तथा संपादन स्थान के क्रम में असंगत है?

(A) हिन्दी प्रदीप - बालकृष्ण भट्ट - इलाहाबाद
(B) आनंदकादंबिनी - बद्रीनारायण चौधरी - मिर्जापुर
(C) ब्राह्मण - अंबिकादत्त व्यास - आगरा ✓
(D) भारतमित्र - रुद्रदत्त - कलकत्ता

Q.142

शुद्ध वाक्य नहीं है -

(A) चारों वेदों के नाम बताओ।
(B) वे अनेक कला जानते हैं। ✓
(C) मसूरी का दृश्य देखने योग्य है।
(D) गाय और बैल प्रायः यहाँ पानी पीते हैं।

Q.143

'नित्य दीन-दुःखियों को भोजन देने की व्यवस्था' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है -

(A) हितैषी
(B) सौजन्य
(C) भवितव्य
(D) सदावर्त ✓

Q.144

"प्रोषितपतिकाएँ हों जितनी भी सखि!
उन्हें निमंत्रण दे आ,"
उर्मिला प्रोषितपतिकाओं को मुख्यतः क्यों आमंत्रित कर रही हैं?

(A) सामाजिक कार्यों में उनका सहयोग पाने के लिए।
(B) उनका मनोबल बढ़ाने के लिए।
(C) आमोद-प्रमोद द्वारा उनकी वेदना दूर करने हेतु।
(D) समदुःखियों के साथ से एक-दूसरे का दुःख बाँटने के लिए। ✓

Q.145

पं. युगल किशोर शुक्ल द्वारा प्रकाशित हिन्दी का पहला पत्र है -

(A) उदन्त मार्तण्ड ✓
(B) बनारस अखबार
(C) बंगदूत
(D) समाचार सुधावर्षण

Q.146

पृथ्वीराज रासो के संदर्भ में असंगत है -

(A) वस्तुवर्णन का आधिक्य
(B) अलंकारों का सहज प्रयोग ✓
(C) वीर और श्रृंगार रस की प्रधानता
(D) डिंगल शैली

Q.147

निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है -

(A) यह विषय अत्यन्त कठिन है। ✓

(B) मैं वहाँ एक पुराने मित्र को मिला।

(C) नौकर के हाथ से भेज देना।

(D) उसे रस्सी बाँधकर ले गए।

Q.148

'शिरीष के फूल' निबंध के अनुसार किस आधुनिक हिंदी कवि में कालिदास जैसी अनासक्ति पाई जाती है?

(A) सुमित्रानंदन पंत ✓

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(D) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

Q.149

'पृथ्वीराज रासो' की प्रामाणिकता विषयक कौनसा कथन बेमेल है?

(A) गौरीशंकर हीराचंद ओझा रासो को अप्रामाणिक ग्रंथ मानते हैं।

(B) नरोत्तमदास स्वामी का मत है कि चंद ने पृथ्वीराज के दरबार में रहकर रासो की प्रबंध रूप में रचना की। ✓

(C) रामचंद्र शुक्ल 'पृथ्वीराज रासो' को सर्वथा अप्रामाणिक ग्रंथ घोषित करते हैं।

(D) श्यामसुंदर दास का मत है कि 'पृथ्वीराज रासो' का 'सभा' से प्रकाशित संस्करण ही प्रामाणिक है।

Q.150

हिन्दी कहानी-आन्दोलन और उसके प्रणेता के संदर्भ में असंगत है -

(A) अ-कहानी - डॉ. गंगा प्रसाद विमल और अन्य

(B) समांतर कहानी - कमलेश्वर

(C) सक्रिय कहानी - अमृत राय ✓

(D) सचेतन कहानी - डॉ. महीप सिंह



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in